विषय:- हिन्दी (वसंत-2) पाठ योजना -18

पाठ:-संघर्ष के कारण में तुनकमिजाज हो गया (साक्षात्कार)

पूर्व ज्ञान/ विषय वस्तु पाठ्येतर विषय वस्तु	अधिगम उद्देश्य सामान्य	अधिगम उद्देश्य विशिष्ट
पूर्व ज्ञान: खेल जगत पूर्वज्ञान संबन्धित प्रश्न- परिशिष्टसंख्या-18अ/१ विषय वस्तु- :- संघर्ष के कारण में तुनकमिजाज हो गया (साक्षात्कार), उपविषय वस्तु :- अ) खेल जगत ज्ञान । आ) साहित्यिक विधाओं का ज्ञान पाठ्येतर विषय वस्तु *सूची निर्माण *साक्षात्कार लेखन	विद्यार्थी :- अ) विभिन खेलों एवं खिलाड़ियों के संघर्षपूर्ण जीवन की वास्तविकता से परिचित होंगे । आ)साहित्यिक विधा के रूप में साक्षात्कार विधा की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे ।	विद्यार्थी :- अ)1.विभिन देशों के राष्ट्रीय खेलों की तालिका निर्माण कर सकेंगे । अ)2.भारत के राष्ट्रीय खेल हाकी के खिलाड़ी धनराजपिल्ले के जीवन की घटनाओं को नाटकीय रूप में प्रस्तुत कर सकेंगे । आ)1.साक्षात्कार विधा की उपयोगिता एवं सीमाओं को कलमबद्ध कर सकेंगे। आ)2. विशिष्ट व्यक्तित्व के विषय में काल्पनिक साक्षात्कार को लिख सकेंगे ।

गृहकार्य:- पाठ से संबन्धित प्रश्न

क्रियाविधि:- साक्षात्कार से संबन्धित

कक्षा :- सात

अध्यापिका की गतिविधि	विद्यार्थी गतिविधि	पाठ पढ़ने के बाद अध्यापिका का मंतव्य तथा निराकरण
पूर्व ज्ञान पर आधारित प्रश्न पूछेंगी:- परिशिष्टसंख्या :-18अ/१ काठिन्य निवारण हेतु गतिविधि :- परिशिष्टसंख्या :-18अ/२ *अध्यापिका के निर्देशन में उचित बलाघात के साथ शुद्ध उच्चारण का ध्यान रखते हुए पाठ का वाचन करेंगे । *अध्यापिका के निर्देशन में पाठ के भाव को आत्मसात कर पाठ के अंत में दिये प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास करेंगे। *क्रियाकलाप हेतु क्रियाविधि :- परिशिष्टसंख्या :-18अ /३ *अभ्यास हेतु कार्यपत्र :- परिशिष्टसंख्या :-18अ /४	पूर्व ज्ञान पर आधारित प्रश्नों के उत्तर देंगी:- परिशिष्टसंख्या :-18आ/१ काठिन्य निवारण हेतु गतिविधि में भाग लेंगे । परिशिष्टसंख्या :-18आ/२ विद्यार्थी उचित बलाघात के साथ पाठ के शुद्ध उच्चारण में समर्थ होंगे । विद्यार्थी पाठ के अंत में दिये प्रश्नों के उत्तर देंगे। अपनी गतिविधियों में भाग लेंगे। परिशिष्टसंख्या :-18आ/३ अभ्यास हेतु दिये गए कार्यपत्र को पूर्ण करेंगे। परिशिष्टसंख्या :-18आ/४	*पाठ पढ़ाने के बाद लिखा जाएगा ।

सहायक सामाग्री :- पाठ्य-पुस्तक ,स्मार्ट बोर्ड एवं संलग्न प्रपत्र १ कार्यपत्र ,२ क्रियाकलाप का विवरण

विधि:- १。 पठन-पाठनविधि,२。 उदाहरण विधि,३. काठिन्य निवारण विधि, ४. व्याख्या विधि ५.व्यास विधि

अन्तःविषय संबंध :- प्रकृति ज्ञान, कर्तव्य बोध, पर्यावरण बोध , सामाजिक ज्ञान ।

विद्यालय भवन :- विद्यालय में खेले जाने वाले खेलों एवं उपलब्धियों को सूचीबद्ध करेंगे।

विभागाध्यक्ष समन्वयक उप-प्रधानाचार्य प्रधानाचार्य

पाठ 18 संघर्ष के कारण मैं तुनकमिजाज हो गया (वसंत-2)

कक्षा -सात

परिशिष्टसंख्या:-18

1.पूर्व ज्ञान से संबन्धित प्रश्न -परिशिष्टसंख्या -18 आ/1 संभावित उत्तर

प्र.1- आपके प्रिय खेल का नाम बताइए ? विविध उत्तर

प्र.2- भारत के राष्ट्रीय खेल का नाम बताइए ? हॉकी

प्र.3 हॉकी खिलाड़ी धनराज पिल्लै के विषय में बताइए ? समस्यात्मक

कथन:- आइये इस पाठ "संघर्ष के कारण मैं तुनकमिजाज हो गया" को पढ़ कर जानते हैं - हॉकी खिलाड़ी धनराज पिल्लै के विषय में|

2.काठिन्य निवारण हेतु गतिविधि :- परिशिष्टसंख्या -18अ/2

*कक्षा को चार समूहों में विभाजित किया जाएगा।

*प्रत्येक समूह एक ए- 4 शीट पर निर्धारित अंश से कठिन शब्दों को लिखेगा ।

*समूह आपस में अदलाबदली कर अर्थ लिखने का प्रयास करेंगे।

*अध्यापिका उत्तर की पुष्टि कर विद्यार्थियों को उत्तर पुस्तिका पर अर्थ लिखने का निर्देश देंगीं ।

3.क्रियाकलाप हेतु क्रिया विधि:- परिशिष्टसंख्या -18अ/3

* अध्यापिका कक्षा के विद्यार्थियों को **2-2** के समूहों में विभाजित कर गतिविधि के लिए यथोचित निर्देश देंगी।

* अध्यापिका विद्यार्थियों को "ऐसे व्यक्ति जिसने अथक परिश्रम से अपने लक्ष्य को प्राप्त किया हो" के साथ काल्पनिक साक्षात्कार को आपसी सहयोग से लिखने को कहेंगी ।

*तत्पश्चात काल्पनिक साक्षात्कार को टीवी साक्षात्कार के रूप में कक्षा में प्रस्तुत करने को कहेंगी |

* अध्यापिका कार्यपत्र करने के लिए देंगीं |

*अध्यापिका अंत में निर्धारित प्रारूप के आधार पर मौखिक प्रस्तुति और लेखन का मूल्यांकन करेंगीं |

मूल्यांकन के मानदंड :

क्रम संख्या	**मूल्यांकन के क्षेत्र**	**अंक - १०**
१	विषय की प्रस्तुति	३
२	प्रभावोत्पादकता	३
३	भाषा का स्तर एवं शुद्धता	२
४	कार्य की पूर्णता	१
५	समयबद्धता	१

कार्यपत्र

पाठ : संघर्ष के कारण मैं तुनक मिजाज हो गया **गतिविधि : साक्षात्कार**

विद्यार्थी का नाम: **अनुक्रमांक:**

प्रश्न1. साक्षात्कार के समय ध्यान रखने वाले मुख्य बिंदु :-

साक्षात्कार लेने वाले के लिए	साक्षात्कार देने वाले के लिए

प्रश्न 2. कल्पना करें कि अगर आप पत्रकार होते तो आप किसका साक्षात्कार लेना चाहते और क्यों ?